जल प्रदूषण उत्पन्न होने का कारण (Cause of Water Pollution) ÷ (2)

जल प्रदूषण के निम्न कारण हैं-

1. वाहित मल ÷ घरेलू तथा सार्वजनिक शौचालयों से निकलने वाले मल-मूत्र को नदियों में प्रवाहित किया जाता है, जिससे स्वच्छ जल दूषित हो जाता है।

2. अपमार्जक ÷ घरों, होटल व रेस्तराँ में फर्श, बर्तनों को साफ करने में अपमार्जकों का प्रयोग किया जाता है ये स्वयं विषाक्त होते हैं। ये नालों से बहते हुए नदियों एवं जलाशयों में पहुँचकर जल को दूषित कर देते हैं।

3. नगरीय अपशिष्ट ÷ नगरों में घरों, भवनों, कल कारखानों के निर्माण में विभिन्न पैकिंग वस्तुओं का कूड़ा कचरा निकलता है, जिसे समीपवर्ती जलाशयों के किनारे छोड़ा जाता है। जहाँ कूड़े को व्यवस्थित ढंग से निस्तारित नहीं किया जाता है, वर्षा के जल के साथ कूड़ा-करकट बहते हुए नदियों व जलाशयों को प्रदूषित कर देता है।

4. औद्योगिक अपशिष्ट ÷ विभिन्न प्रकार के औद्योगिक कल-कारखाने से निकलने वाले कार्बनिक व अकार्बनिक पदार्थों के जल में विसर्जित किए जाने से जल प्रदूषित हो जाता है।

5. तेल का रिसाव ÷ पेट्रोलियम का रिसाव समुद्री जल प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है विश्व के अधिकांश देशों में पेट्रोल का आयात-निर्यात समुद्री माध्यम से टैंकरों द्वारा किया जाता है, इन टैंकरों के रिसाव होने से जलयानों के दुर्घटनाग्रस्त होकर डूबने से समुद्री जल प्रदूषित होता है।

Scanned by TapScanner